INDIA NON JUDICIAL

Government of Uttar Pradesh

IN-UP12184532209691Y

e-Stamp

IV 20 26

Certificate No.	:	IN-UP12184532209691Y
Certificate Issued Date	:	16-Apr-2026 04:47 PM
Account Reference	:	NEWIMPACC (SV)/ up14832204/ FIROZABAD SADAR/ UP-FRZ
Unique Doc. Reference	:	SUBIN-UPUP14832204161392684333866Y
Purchased by	:	SHRI HARIOM PRAKASH CHARITABLE TRUST
Description of Document	:	Article 64 (A) Trust - Declaration of
Property Description	:	FOR TRUST DEED
Consideration Price (Rs.)	:	
First Party	:	SHRI HARIOM PRAKASH CHARITABLE TRUST
Second Party	:	HARIOM SHARMA S O JANAK SINGH SHARMA
Stamp Duty Paid By	:	SHRI HARIOM PRAKASH CHARITABLE TRUST
Stamp Duty Amount(Rs.)	:	750 (Seven Hundred And Fifty only)

सत्यमेव जयते

SAUTANTRIK (STATE)
TEHSIL SADAR
FIROZABAD

ACC Name-R[illegible]EEV KU[illegible]DIYA
Stamp Vend[illegible] 732-22-26 FZD
Licence Num[illegible] ID-UP14832204
E-Stamping Ad[illegible]
Tehsil Sadar, Firozabad

IN-UP12184532209691Y

Please write or type below this line

MANAGER
SHISHU BHARTI WORLD SCHOOL
Chulhawali Road, Tundla, Firozabad

PRINCIPAL
SHISHU BHARTI WORLD SCHOOL
Chulhawali Road, Tundla, Firozabad

P 0028758107

Statutory Alert:
The authenticity of this Stamp certificate should be verified at 'www.shcilestamp.com' or using e-Stamp Mobile App of Stock Holding. Any discrepancy in the details on this Certificate and as available on the website / Mobile App renders it invalid.
The onus of checking the legitimacy is on the users of the certificate.
In case of any discrepancy please inform the Competent Authority.

SHRI HARIOM PRAKASH CHARITABLE TRUST SHRI HARIOM PRAKASH CHARITABLE TRUST SHRI HARIOM PRAKASH CHARITABLE TRUST SHRI HARIOM PRAKASH CHARITABLE TRUST SHRI HARIOM PRAKASH CHARITABLE TRUST SHRI HARIOM PRAKASH CHARITABLE TRUST SHRI HARIOM PRAKASH CHARITABLE TRUST SHRI HARIOM PRAKASH CHARITABLE TRUST





ट्रस्ट–डीड

यह विलेख पूर्व सूचनानुसार आज दिनांक 16.04.2026 को श्री हरिओम शर्मा पुत्र श्री जनक सिंह शर्मा निवासी–84,2, महावीर नगर, फीरोजाबाद (उ0प्र0) द्वारा निष्पादित किया गया ।

1.	ट्रस्ट का नाम	–	**श्री हरिओम प्रकाश चैरिटेबिल ट्रस्ट**
2.	ट्रस्ट का पता	–	**84/2, महावीर नगर, फिरोजाबाद (उ0प्र0)**
3.	ट्रस्ट का कार्यक्षेत्र	–	**सम्पूर्ण भारतवर्ष**
4.	ट्रस्ट में लगाया गया धन	–	ट्रस्ट में लगाया गया धन 10,000/– रूपये नकद धनराशि ट्रस्ट की स्थापना हेतु समर्पित की गई है इसके अलावा ट्रस्ट की कोई चल–अचल सम्पत्ति नहीं है तथा ट्रस्ट का कार्यालय भी ट्रस्ट की निजी सम्पत्ति नहीं है ।
5.	देय स्टाम्प	–	ई–स्टाम्प 750/–रूपये

" भारतीय न्यास अधिनियम के अनुसार ट्रस्ट एक ऐसा आभार है जो ट्रस्ट का स्वामी स्वीकार करता है अथवा घोषित एंव स्वीकार करता है । ट्रस्ट का स्वामी इस प्रकार का आभार अन्य व्यक्तियों के हितों अथवा लाभ के लिऐ स्वीकार होगा ।

6. ट्रस्ट के तत्व – **मुख्य ट्रस्टी द्वारा ट्रस्ट का गठन निम्न तत्वों पर आधारित है –**

ट्रस्ट का गठन निम्न तत्वों पर आधारित है ट्रस्ट एक प्रकार का आभार है । आभार का सम्पत्ति से जुडा होना स्वामित्व से आबद्ध होता है ट्रस्ट का उदय विश्वास से होता है और प्रत्येक ट्रस्ट के लिऐ हिताधिकारियों का होना आवश्यक है ट्रस्ट के रचयिता अपनी सम्पत्ति प्रदान करके सम्पत्ति के स्वामित्व के आभार का आबद्ध करते हैं ।

इस प्रकार एक ट्रस्ट में आभार ट्रस्टी हिताधारी ट्रस्ट सम्पत्ति के स्वामी के द्वारा विश्वास पूर्वक आभार की अभिव्यक्ति है ।

MANAGER
SHISHU BHARTI WORLD SCHOOL
Chulhawali Road, Tundla, Firozabad

PRINCIPAL
SHISHU BHARTI WORLD SCHOOL
Chulhawali Road, Tundla, Firozabad



7. मुख्य ट्रस्टी एंव ट्रस्टी मंण्डल –

1. श्रीमती मंजू शर्मा पत्नी श्री हरिओम शर्मा निवासी– 84,2, महावीर नगर, फीरोजाबाद
आधार संख्या XXXX XXXX अध्यक्ष

2. श्री हरिओम शर्मा पुत्र श्री जनक सिंह शर्मा निवासी–84,2, महावीर नगर, फीरोजाबाद
आधार संख्या XXXX XXXX 9287 प्रबन्धक / सचिव

2. श्रीमती रोहणी वित्थरिया पत्नी श्री अनुराग वित्थरिया निवासी–84,2, महावीर नगर, फीरोजाबाद (उ0प्र0)
आधार संख्या XXXX XXXX 2496 उपप्रबन्धक / उपसचिव

3. श्रीमती विद्या देवी पत्नी श्री रघुनन्दन लाल निवासी–मधाऊ,धारऊ, मैनपुरी (उ0प्र0)
आधार संख्या XXXX XXXX 6283 कोषाध्यक्ष

4. श्रीमती चन्द्रप्रभा पत्नी श्री राजवीर रावत निवासी– गायत्री मंदिर के पीछे, नई आबादी, रहना जिला फिरोजाबाद (उ0प्र0)
आधार संख्या XXXX XXXX 0559 ट्रस्टी

8. ट्रस्ट के उद्देश्य –

1– शिक्षा के विकास हेतु प्राईमरी शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा व्यवस्था हेतु स्कूल, कालेज, डिग्री कॉलेज, पी0 जी0 कॉलेज, इन्जीनियरिंग कॉलेज,मैडीकल कॉलेज, की स्थापना करना तथा निःशुल्क दूरस्था शिक्षा, तकनीकी, औद्योगिक, व्यावसायिक एवं ग्रामोद्योगी व कृषि शिक्षा संस्थानों,उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सी0बी0एस0ई0एवं आई0सी0एस0ई0 / यू0जी0सी0 शिक्षा पद्धति की स्थापना करना व उनका विधिवत संचालन कर युवक / युवतियों को स्वावलम्बी एवं आत्म निर्भर बनाना ।

2– मजदूरों / कारीगरों को तकनीकी शिक्षा प्रदान करना व उन्हें शिक्षित कर उनके जीवन स्तर को ऊँचा उठाना शिक्षा के प्रति उन्हें जागरूक करना तथा उनके बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा संस्थानों, चिकित्सा संस्थानों की स्थापना करना बच्चों की सुविधा हेतु पुस्तकालय वाचनालय, छात्रावास, क्रीडा केन्द्रों, व्यायामशाला, आवासीय विद्यालय की स्थापना करना तथा निर्धन, अनाथ, अपंग, बच्चों मेंधावी बच्चों को छात्रवृत्तियॉं दिलाना। खेलों को बढावा देना तथा समय समय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करना तथा उत्कृष्ट / विजेता खिलाडियों को पुरस्कृत करना।

3– शिक्षित युवक–युवतियों में स्वावलम्बन की भावना जागृत करना तथा छात्र–छात्राओं के लिये स्नातक,एवं परास्नातक विद्यालयों की स्थापना करना विधि शिक्षा प्रबन्धन शिक्षा विज्ञान, शिक्षा कृषि शिक्षा एवं बोकेशनल एजूकेशन दूरस्थ शिक्षा, पत्रकारिता पर आधारित शिक्षा संस्थानों को खोलना व उसकी समुचित व्यवस्था करना ।

4– नागरिकों के सर्वांगीण विकास हेतु शहरी एवं ग्राम्य क्षेत्र के पिछडे एवं मलिन बस्तियों में स्वच्छता, साक्षरता, परिवार नियोजन, मातृ शिशु पोषण, महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम, बाल

MANAGER
SHISHU BHARTI WORLD SCHOOL
Chulhawali Road, Tundla, Firozabad

PRINCIPAL
SHISHU BHARTI WORLD SCHOOL
Chulhawali Road, Tundla, Firozabad



टीकाकरण,कार्यक्रमों गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क स्वास्थ्य प्रशिक्षण आदि कार्यक्रम चलाना तथा उनके कल्याण हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की उन्हें जानकारी देना एवं समय–समय पर जागरूकता शिविरों का आयोजन करना, गरीब, असहाय, विकलांग व जरूरत मंदों को निःशुल्क व्हीलचेयर की व्यवस्था करना ।

5– संस्था का उद्देश्य समय–समय पर सॉस्कृतिक कार्यक्रमों, गोष्ठियों, स्वास्थ्य रक्षा शिविरों, नेत्र राहत कैम्पों, विचार गोष्ठियों, राहत शिविरों, सेमिनार, सिम्पोजियम, जन जाग्रति शिविरों कला प्रदर्शनी, प्रौढ शिक्षा अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम बालश्रम उन्मूलन कार्यक्रम, गरीबी उन्मूलन एव0 मद्यनिषेध कार्यक्रम चलाना ।

6– देश–विदेश एवं प्रदेश की समान उद्देश्यों वाली संस्थाओं से सम्पर्क स्थापित करना एवं उनका सहयोग करना एवं ऐसी संस्थाओं से सहयोग प्राप्त कर समाज विकास हेतु विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रम चलाना एवं संस्थाओं के विकास हेतु पत्र–पत्रिकाओं का प्रकाशन कर उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना ।

7– संस्था का उद्देश्य व्यावसायिक, औद्योगिक प्रशिक्षण, एन0टी0टी0 आई0टी0आई0, आदि प्रशिक्षण संस्थानां की स्थापना कर अन्य का ज्ञान उपलब्ध कराना, कम्प्यूटर प्रणाली की नवीनतम जानकारियॉ उपलब्ध करना व कराना व नवयुवक–युवतियों को कम्प्यूटर के माध्यम से कम्प्यूटर प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार की ओर अग्रसर करना व कम्प्यूटर के वैज्ञानिक विषयों की शिक्षा व प्रशिक्षण की व्यवस्था करना ।

8–. संस्था का उद्देश्य छात्र एवं छात्राओं को वर्तमान पद्धति के अनुसार सर्व शिक्षा तथा मध्यकालीन भोजन की व्यवस्था करना ।

9– केन्द्रीय एवं राज्य सरकार, निगम बोर्ड,सम्बन्धित विभागें के वित्तीय सहयेाग से युवक–युवतियों के कल्याण हेतु व उन्हें आत्म निर्भर व स्वावलम्बी बनाने हेतु सुलभ रोजगारपरक प्रशिक्षण जैसे–सिलाई,कढाई,बुनाई,कताई,हस्तशिल्पकला, वास्तुकला, दस्तकारी, दरी, कालीन, ड्रॉइंग, पेन्टिंग कला प्रशिक्षण, तथा टंकण, आशुलिपि एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण (हार्डवेयर, साफ्टवेयर, इन्टरनेट) इलैक्ट्रिक, इलैक्ट्रोनिक्स, फैशन डिजायनिंग, ब्यूटीशियन, टैक्सटाइल्स डिजायनिंग, इन्टीरियर डिजायनिंग आदि का प्रशिक्षण देकर उन्हे आत्मनिर्भर बनाना, तथा उनमें जागरूकता पैदा करना ।

10 समाज के उपेक्षित जैसे–अन्धे, कुष्ठ, रोगी व मुक बधिरों, विकलॉगों व निराश्रित लाचार वृद्धजनों के कल्याण के लिये कार्य करना तथा बाल आश्रम अनाथालय एंव वृद्धाश्रम की निःशुल्क स्थापना करना ।

11 निर्धन एंव अनाथ लोगों व पिछडे क्षेत्रों के विकास हेतु केन्द्रीय एंव राज्य सरकार के सम्बन्धित विभागों मंत्रालयों जैसे स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय,यूनीसेफ, हडको, महिला एंव बाल विकास विभाग,कपार्ट,काई,सिप्सा, नावार्ड,आवार्ड,नौराड, डूडा,सूडा, सिडवी, राष्ट्रीय, महिला कोष,बाल विकास पुष्टाहार,महिला कल्याण एंव बाल कल्याण निधि महिला कल्याण निगम,राष्ट्रीय बाल भवन वस्त्र शिल्प हस्त मंत्रालय ,पर्यावरण मंत्रालय,मत्स्य विभाग, समाज कल्याण सलाहकार बोर्ड,मानव संसाधन विकास मंत्रालय, श्रममंत्रालय, राजीव गॉधी फाउन्डेशन,विश्व स्वास्थ्यसंगठन, विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी परिषद आदि के वित्तीय सहयोग से चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों को चलाकर नागरिकों का सर्वांगीण विकास करना ।

MANAGER
SHISHU BHARTI WORLD SCHOOL
Chulhawali Road, Tundla, Firozabad

PRINCIPAL
SHISHU BHARTI WORLD SCHOOL
Chulhawali Road, Tundla, Firozabad



12. आश्रित महिलाओं एवं अनाथ बच्चों के कल्याण हेतु समय–समय पर विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रम चलाना, ऑगनवाडी, बालवाडी, नारी निकेतन, प्रौढ शिक्षा केन्द्रों, अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम सांस्कृतिक कला केन्द्रों, व बाल श्रमिक बच्चों के उत्थान हेतु बाल श्रमिक विद्यालय की स्थापना कर उनके उत्थान हेतु कार्य करना तथा स्वास्थ्य एंव गरीबी उन्मूलन हेतु चिकित्सालय, गौशाला, पर्यावरण हेतु पौधशाला आदि की स्थापना करना ।

13. अकेले, असहाय, असमर्थ वृद्धजनों की देखभाल करना, उनकी दैनिक नियमित रूप से सहायता के लिऐ उनके घर पर सेवाऐं प्रदान करना ।

14. ट्रस्ट की सदस्यता देना और सदस्यों के हित में ट्रस्ट के उद्देश्यों के अनुसार कार्य करना

15. वृद्धजनों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, सुरक्षा, मनोरंजन, विकास रख रखाव, खुशहा ली एंव रोगग्रस्त व्यक्तियों की देखभाल के लिऐ चिकित्सा, कानून, आर्थिक, आवासीय, सामाजिक, आदि सेवाऐं और उत्पादों की व्यवस्था करना ।

9— <u>ट्रस्ट का कार्यक्षेत्र —</u> ट्रस्ट का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण भारतवर्ष होगा ।

10— <u>ट्रस्टीयों की नियुक्ति —</u>

ट्रस्ट में मुख्य ट्रस्टी/अध्यक्ष पद मुख्य ट्रस्टी के पास आजीवन रहेगा इनकी मृत्यु के बाद इनका वंशज ही ट्रस्ट का मुख्य ट्रस्टी/अध्यक्ष होगा मुख्य ट्रस्टी/अध्यक्ष का अपने जीवन काल में अपने उत्तराधिकारी मुख्य ट्रस्टी/अध्यक्ष पद को मनोनीत करने का अधिकार रहेगा और उक्त मनोनयन के आधार पर ही मुख्य ट्रस्टी की मृत्यु उपरान्त यह मनोनीत व्यक्ति मुख्य ट्रस्टी/अध्यक्ष बन सकेगा ।

11— <u>ट्रस्ट की सदस्यता :—</u>

यदि कोई सदस्य इस ट्रस्ट को भविष्य में ट्रस्टियों द्वारा निर्धारित सदस्यता शुल्क अथवा इससे अधिक अथवा इतने या इससे अधिक मूल्य की कोई अचल सम्पत्ति ट्रस्टी सदस्य बनने हेतु प्रदान करेगा तो वह इस ट्रस्ट का आजीवन सदस्य मुख्य ट्रस्टी के अनुमोदन के बाद बनाया जा सकेगा। कुल ट्रस्टीयों की संख्या अधिकतम 04 तक रह सकेगी तथा मुख्य ट्रस्टी/अध्यक्ष की सहमति से ट्रस्ट बोर्ड उक्त संख्या को घटा या बढा सकेगा ।

12— <u>विशिष्ट सदस्य —</u>

विभिन्न क्षेत्रों में विशेष योग्यता रखने वाले अग्रणी व्यक्ति दो वर्ष के लिऐ मुख्य ट्रस्टी/अध्यक्ष के द्वारा विशिष्ट सदस्य बनाये जा सकेंगें । ऐसे सदस्यों की संख्या अधिकतम 03 होगी । ऐसे सदस्य सदस्यता शुल्क से मुक्त रहेंगें । विशिष्ट सदस्यों को मत देने का अधिकार न होगा ।

13— <u>ट्रस्ट मंण्डल —</u>

ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी/अध्यक्ष अपने पद पर जीवन पर्यन्त रहेंगें ।

MANAGER
SHISHU BHARTI WORLD SCHOOL
Chulhawali Road, Tundla, Firozabad

PRINCIPAL
SHISHU BHARTI WORLD SCHOOL
Chulhawali Road, Tundla, Firozabad



14— ट्रस्टीयों की संख्या -

वर्तमान में ट्रस्टीयों की संख्या मुख्य ट्रस्टी को मिलाकर 4 है ।

15— सदस्यता की समाप्ति —

1. मृत्यु हो जाने पर ।
2. पागल या दिवालिया हो जाने पर ।
3. संस्था के विपरीत हानिकारक कार्य करने पर ।
4. संस्था द्वारा 2/3 बहुमत से अविश्वास प्रस्ताव पास होने पर ।
5. त्यागपत्र दिये जाने व पारित किये जाने पर ।
6. न्यायालय द्वारा दंण्डित किये जाने पर ।
7. लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित होने पर ।

17— प्रबन्धकारिणी समिति के पदाधिकारियों के अधिकार व कर्तव्य —

1. ट्रस्ट की उन्नति व विकास हेतु हर संभव प्रयास करना ।
2. ट्रस्ट का वार्षिक बजट व वार्षिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना ।
3. ट्रस्ट के विकास हेतु केन्द्रीय एंव राज्य सरकार के सम्बिन्धित विभागों/मंत्रालयों एंव अन्य संस्थानों, प्रतिष्ठानों, निकायों, नागरिकों आदि से दान, अनुदान, चंदा एंव बैंक आदि से ऋण एंव वित्तीय सहायता प्राप्त करना, प्राप्त आय को संस्था के हितार्थ एंव चैरिटेबिल कार्यो की पूर्ति हेतु व्यय करना होगा ।

18— बैठकें —

प्रबन्धकारिणी समिति की सामान्य बैठक वर्ष में चार बार व विशेष बैठक आवश्यकतानुसार किसी भी समय बुलाई जा सकती है । विशेष बैठक की सूचना लिखित या किसी भी माध्यम से 1 से 24 घंण्टे पूर्व दी जायेगी । सूचना के हेतु एजैण्डा जारी किया जायेगा जिसमें बैठक बुलाने के कारण का उल्लेख होगा ।

19— गणपूर्ति —

प्रबन्धकारिणी समिति की गणपूर्ति हेतु कुल सदस्यों की संख्या के 2/3 बहुमत सदस्यों की उपस्थिति गणपूर्ति मान्य होगी ।

20— पदाधिकारियों के अधिकार व कर्तव्य —

मुख्य ट्रस्टी/अध्यक्ष —

1— समस्त प्रकार की सभाओं की अध्यक्षता करना ।

2— ट्रस्टी मण्डल की सभा में किसी विषय पर बराबर मत की दिशा में अपना निर्णायक मत देना ।

MANAGER
SHISHU BHARTI WORLD SCHOOL
Chulhawali Road, Tundla, Firozabad

PRINCIPAL
SHISHU BHARTI WORLD SCHOOL
Chulhawali Road, Tundla, Firozabad



3— ट्रस्ट के अन्तर्गत संचालित धर्मार्थ संस्थानों, शिक्षा संस्थानों/कॉलेजों व अन्य इकाईयों धर्मार्थ संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों सेवादारों एवं कार्यकर्ताओं की नियुक्ति, निष्कासन, पदोन्नति एवं पदच्युत करना उनकी सेवा शर्त के नियम बनाना वेतन भत्ते तय करना व उसका भुगतान करना

4— समस्त अभिलेखों को अपने पास सुरक्षित रखना एवं उसका समय–समय पर निरीक्षण करना ।

5–ट्रस्ट के हिसाब किताब को तैयार करके उसे ट्रस्टियों के समक्ष प्रस्तुत करना ।

6–ट्रस्टियों को आर्थिक मामलों में सलाह लेना एंव उचित राय प्रस्तुत करना ।

7— ट्रस्ट की कार्यकारिणी समिति का आपात स्थिति में देखकर भंग करना एवं कार्यकारिणी समिति के समस्त अधिकार अपने में निहित कर दो माह में कार्यकारिणी समिति का विधिवत निर्वाचन करना ।

8— ट्रस्ट समिति के परामर्श से अध्यक्ष किसी सुयोग्य व्यक्ति को बिना किसी सदस्यता शुल्क के अपने विशेषाधिकार का प्रयोग कर उसे कार्यकारी समिति या साधारण सभा का सदस्य बना सकेंगे । जैसा कि उद्देश्य में वर्णित है।

9— ट्रस्ट के आजीवन व संरक्षक सदस्यों द्वारा किसी प्रकार की अनियमितता व संस्था विरोधी कार्य करने पर उसे 6 वर्ष तक की अवधि के लिए सभा से निलम्बित किया जा सकता है।

10— ट्रस्ट विरोधी कार्य एवं अनुशासन हीनता करने पर किसी भी पदाधिकारी व सदस्य की सदस्यता समाप्त करना चाहे वह कार्यकारिणी समिति या साधारण सभा का सदस्य हो किन्तु इसका अनुमोदन ट्रस्ट कमेटी के 2/3 बहुमत से करना अनिवार्य होगा।

11— ट्रस्ट समिति की अचल– चल सम्पत्ति की सुरक्षा करना दान, अनुदान एवं चंदा प्राप्त करना व सदस्यों को उसकी रसीद देना ।

सचिव :–

1— ट्रस्ट की ओर से समस्त प्रकार का पत्राचार करना । मुख्य ट्रस्टी/अध्यक्ष के आदेश से मीटिंग बुलाना व उसकी सूचना सदस्यों तक पहुँचाना, मीटिंग कार्यवाही लिखना ।

2— ट्रस्ट के वार्षिक कार्यक्रमों की रूपरेखा व वार्षिक बजट तैयार कर स्वीकृति हेतु समिति के समक्ष मीटिंग में रखना ।

3— ट्रस्ट के विकास हेतु अन्य वे सभी आवश्यक कार्य करना जो संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति एवं संस्था विकास में सहायक हों करना ।

MANAGER
SHISHU BHARTI WORLD SCHOOL
Chulhawali Road, Tundla, Firozabad

PRINCIPAL
SHISHU BHARTI WORLD SCHOOL
Chulhawali Road, Tundla, Firozabad



कोषाध्यक्ष –

1–ट्रस्ट के दैनिक लेन देन आर्थिक लेखा जोखा लिखना व लिखवाना ।

2–ट्रस्ट के हिसाब किताब को तैयार करके उसे ट्रस्टियों के समक्ष प्रस्तुत करना ।

3–प्रत्येक वर्ष ट्रस्ट का वार्षिक हिसाब किताब स्थिति विवरण तथा बजट तैयार करने में आवश्यक पदाधिकारीयों व सचिव की सहायता करना ।

4–ट्रस्टियों की आर्थिक मामलों में सलाह लेना एंव उचित राय प्रस्तुत करना ।

5–ट्रस्ट के धन कोषो व धरोहर (सम्पत्तियों एंव विनियोग का) लेखा जोखा रखना ।

6–मुख्य ट्रस्टी/अध्यक्ष की हस्ताक्षरित अनुमति के पश्चात ही व्ययों का भुगतान करना

ट्रस्टी – ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति एंव विकास हेतु समस्त प्रयास करना ।

16– आय के श्रोत –

1.	Government Donation	2-	Government Loan
3-	Maintenance amount	4-	Membership fee
5-	Other Sources	6-	Remittance
7-	Self Money Generation		

17– ट्रस्ट का कोष –

ट्रस्ट में जनसामान्य द्वारा एंव ट्रस्टियों द्वारा दिया गया धन व दान आदि धनराशि ट्रस्ट द्वारा खोले गये बैंक खाते में जमा की जायेगी जो जनहित तथा ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति के लिऐ खर्च की जायेगी भवन निर्माण की व्यवस्था के लिऐ ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी/अध्यक्ष व प्रबन्धक/सचिव ट्रस्ट की चल अचल सम्पत्ति का क्रय–विक्रय अथवा राष्ट्रीयकृत अथवा प्राईवेट बैंक, प्राईवेट कम्पनी, फाइनैन्सर आदि से ट्रस्ट के हित में चल–अचल सम्पत्ति को ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु बंधक रख लोन अथवा ऋण ले सकेगी एंव उक्त धनराशि के लिऐ लेन–देन करने (बैंक खाता आपरेट) के लिऐ ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी/अध्यक्ष,प्रबन्धक/सचिव व उपप्रबन्धक/उपसचिव में से किन्हीं दो के संयुक्त हस्ताक्षर होंगें ।

MANAGER
SHISHU BHARTI WORLD SCHOOL
Chulhawali Road, Tundla, Firozabad

PRINCIPAL
SHISHU BHARTI WORLD SCHOOL
Chulhawali Road, Tundla, Firozabad



ट्रस्ट का कोष किसी राष्ट्रीयकृत बैंक, शिड्यूलड बैंक, पोस्ट ऑफिस, या प्राईवेट बैंक में ट्रस्ट के नाम से खाता खोलकर जमा किया जायेगा । जिसका संचालन ट्रस्ट के अध्यक्ष, प्रबन्धक/सचिव व उपप्रबन्धक/उपसचिव में से किन्हीं दो के संयुक्त हस्ताक्षर होंगें ।

18— ट्रस्ट के द्वारा अथवा उसके विरूद्ध अदालती कार्यवाही के संचालन का उत्तरदायित्व —

ट्रस्ट के द्वारा अथवा उसके विरूद्ध अदालती कार्यवाही के निस्तारण की कार्यवाही अध्यक्ष द्वारा अथवा उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति द्वारा की जायेगी ।

19— ट्रस्ट के आय–व्यय का लेखा परीक्षण (ऑडिट) —

ट्रस्ट के आय–व्यय का लेखा परीक्षण प्रति वर्ष सुयोग्य ऑडीटर द्वारा कराया जायेगा ।

20— ट्रस्ट के अभिलेख —

1. सदस्यता रजिस्टर
2. कार्यवाही रजिस्टर (क. साधारण सभा ख. कार्यवाही निकाय)
3. स्टाक रजिस्टर
4. लेजर बुक
5. कैश बुक
6. सदस्यता शुल्क रसीद बुक
7. दान रसीद बुक

22. न्यास का विघटन–

1. न्यासी मंण्डल यदि किसी समस्या जैसे आर्थिक संकट इत्यादि के कारण न्यास का संचालन करना संभव नहीं है तो न्यास का विघटन किया जा सकता है ।
2. मुख्य ट्रस्टी/अध्यक्ष किसी एक ट्रस्टी के साथ मिलकर किसी नये ट्रस्ट में या किसी कार्यरत ट्रस्ट में ट्रस्ट की सम्पत्ति को बिलय कर सकते हैं ।
3. न्यास के विघटन के लिऐ न्यासी मंण्डल की विशेष बैठक आयोजित की जायेगी, जिसमें 2/3 बहुमत से प्रस्ताव पारित हो जाता है तभी न्यास का विघटन किया जा सकता है । इस बैठक में प्रबन्धक की व्यक्तिगत उपस्थिति अनिवार्य होगी ।
4. यह ट्रस्ट सदा के लिऐ irrecoverable अर्थात अप्रतिलभ्य ट्रस्ट होगा ।
5. यदि भविष्य में ट्रस्ट द्वारा किसी भी प्रकार की चल व अचल सम्पत्ति का कय–विकय किया जाता है तो उपनिबन्धक कार्यालय में पंजीयन कराना अनिवार्य होगा ।

MANAGER
SHISHU BHARTI WORLD SCHOOL
Chulhawali Road, Tundla, Firozabad

PRINCIPAL
SHISHU BHARTI WORLD SCHOOL
Chulhawali Road, Tundla, Firozabad

आवेदन सं०: 202600772009789

न्यास पत्र

बही स०: 4 रजिस्ट्रेशन स०: 20 वर्ष: 2026

प्रतिफल- 0 स्टाम्प शुल्क- 750 बाजारी मूल्य - 0 पंजीकरण शुल्क - 500 प्रतिलिपिकरण शुल्क - 80 योग : 580





श्री हरिओम शर्मा ,
पुत्र श्री जनक सिंह शर्मा
व्यवसाय : अन्य
निवासी: 84/2 महावीर नगर फिरोजाबाद

ने यह लेखपत्र इस कार्यालय में दिनाँक 30/04/2026 एवं 11:55:20 AM बजे निबंधन हेतु पेश किया।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

चेतेन्द्र सिंह प्रभारी
उप निबंधक :सदर द्वितीय
फ़िरोजाबाद
30/04/2026

फिरोजाबाद सदर द्वितीय लिपिक
निबंधक लिपिक
30/04/2026

https://sarsup.gov.in/igrsup/showEndorsReport.htm

प्रतिबन्ध –

1. विद्यालय की पंजीकृत सोसाइटी का समय–समय पर नवीनीकरण कराया जायेगा ।

स्वीकार है / Accepted

2. विद्यालय के प्रबन्धसमिति में शिक्षा निदेशक द्वारा नांमित एक सदस्य होगा ।

स्वीकार है / Accepted

3. विद्यालय में कम से कम 10 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के मेधावी बच्चों के लिये सुरक्षित रहेंगे और उनसे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद / बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिये निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जावेगा ।

स्वीकार है / Accepted

4. संस्था द्वारा राज्य सरकार से कोई अनुदान की मॉग नहीं की जावेगी और यदि पूर्व में विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा विद्यालय की सम्बद्धता सैन्ट्रल बोर्ड ऑफ सैकेन्ड्री एजूकेशन नई दिल्ली काउन्सिल फॉर दि इंण्डियन स्कूल सर्टीफिकेट एक्जामिनेशन नई दिल्ली से प्राप्त होती है तो उक्त परीक्षा परिषदों से सम्बद्धता प्राप्त होने की तिथि से परिषद से मान्यता और राज्य सरकार से अनुदान स्वतः ही समाप्त हो जायेगा ।

स्वीकार है / Accepted

5. संस्था के शिक्षण तथा शिक्षणोत्तर कर्मचारियों को राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारियों को अनुमान्य वेतनमानों तथा अन्य भत्तों से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नही दिये जायेंगे ।

स्वीकार है / Accepted

6.. कर्मचारियों की सेवा शर्त बनाई जावेगी और उन्हें सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों को अनुमान्य सेवा निवृत्ति लाभ उपलब्ध कराये जायेंगें।

स्वीकार है / Accepted

7. राज्य सरकार द्वारा समय समय पर जो भी आदेश निर्गत किये जायेंगें संस्था उनका पालन करेगी ।

स्वीकार है / Accepted

8. विद्यालय में हिन्दी अनिवार्य विषय के रूप में पढाई जा रही है तथा भविष्य में भी हिन्दी अनिवार्य रूप से पढाई जायेगी ।

स्वीकार है / Accepted

9. विद्यालय का रिकार्ड निर्धारित प्रपत्र / पंजिकाओं में रखा जायेगा ।

स्वीकार है / Accepted

10. उपर्युक्त कम क से झ में कोई परिवर्तन / संशोधन बिना शासन एंव विभाग की अनुमति के नहीं दिया जायेगा ।

स्वीकार है / Accepted

MANAGER
SHISHU BHARTI WORLD SCHOOL
Chulhawali Road, Tundla, Firozabad

PRINCIPAL
SHISHU BHARTI WORLD SCHOOL
Chulhawali Road, Tundla, Firozabad

आवेदन सं०: 202600772009789

बही स०: 4 रजिस्ट्रेशन स०: 20 वर्ष: 2026

निष्पादन लेखपत्र वाद सुनने व समझने मजमुन व प्राप्त धनराशि रु प्रलेखानुसार उक्त

न्यासी: 1

श्री हरिओम शर्मा. HARIOM SHARMA




पुत्र श्री जनक सिंह शर्मा

निवासी: 84/2 महावीर नगर फिरोजाबाद

व्यवसाय: अन्य

ने निष्पादन स्वीकार किया । जिनकी पहचान

पहचानकर्ता : 1

श्री विनय शर्मा . पुत्र श्री ब्रह्म देव शर्मा




निवासी: 50 गली नं०-1 महावीर नगर फिरोजाबाद

व्यवसाय: अन्य

पहचानकर्ता : 2

श्री जीशान शफीक , पुत्र श्री शफीक अहमद




निवासी: 252 तीस फुटा रोड फिरोजाबाद

व्यवसाय: अन्य

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

चेतेन्द्र सिंह प्रभारी
उप निबंधक : सदर द्वितीय
फ़िरोजाबाद
30/04/2026

फिरोजाबाद सदर द्वितीय लिपिक
निबंधक लिपिक फ़िरोजाबाद
30/04/2026

ने की । प्रत्यक्षतः भद्र साक्षियों के निशान अंगूठे नियमानुसार लिए गए है ।

टिप्पणी :

11. उपर्युक्त कम क से ज तक के प्रतिबन्धों को सोसाइटी बायलॉज में सम्मिलित करना अनिवार्य होगा ।

स्वीकार है / Accepted

कृपया प्रबन्धाधिकरण का इस आशय का प्रस्ताव संलग्न करें कि विद्यालय को विभाग / शासन के सभी प्रतिबन्ध कम क से ट तक स्वीकार है ।

यह कि उक्त ट्रस्ट के पास वर्तमान में 10,000 / — रूपये के अतिरिक्त कोई चल–अचल सम्पत्ति नहीं है और नहीं ट्रस्ट का कार्यालय ट्रस्ट की सम्पत्ति है ।

लिहाजा यह ट्रस्ट विलेख आज दिनांक 16.04.2026 ई0 को लिख दिया ताकि सनद रहे और वक्त जरूरत पडने पर काम आवे ।

गवाह–1–
विनय शर्मा पुत्र श्री ब्रहम देव शर्मा निवासी–50,गली नं01, जैन मंदिर के पास, महावीर नगर, फिरोजाबाद
आधार संख्या XXXX XXXX 7830



Vinay

गवाह–2–
जीशान शफीक पुत्र श्री शफीक अहमद निवासी–252,पावर हाउस के पास, तीस फुटा रोड, फिरोजाबाद
आधार संख्या XXXX XXXX 7281



Leader

SAURABH YADAV (ADVOCATE)
TEHSIL SADAR
FIROZABAD

MANAGER
SHISHU BHARTI WORLD SCHOOL
Chulhawali Road, Tundla, Firozabad

PRINCIPAL
SHISHU BHARTI WORLD SCHOOL
Chulhawali Road, Tundla, Firozabad

आवेदन सं०: 202600772009789

ही संख्या 4 जिल्द संख्या 20 के पृष्ठ 197 से 218 तक क्रमांक 20 पर
दिनाँक 30/04/2026 को रजिस्ट्रीकृत किया गया ।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

चेतेन्द्र सिंह प्रभारी
उप निबंधक : सदर द्वितीय
फ़िरोजाबाद
30/04/2026

https://iorsup.gov.in/iorsup/showEndorsement.html 1/1